गणतन्त्र दिवस संदेश

प्रिय रेल कर्मियों ,

इकहत्तरवें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर रेल विद्युतीकरण परिवार के सभी सदस्यों को मेरी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ। यह दिन महान देश भक्तों को याद करने के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण तथा अपने महान नेताओं के सपनों को साकार करने की दिशा में हमारे योगदान के आकलन का भी अवसर है।

देश के आर्थिक विकास के लिए ऊर्जा कुशल तथा पर्यावरण अनुकूल परिवहन प्रणाली एक बुनियादी जरूरत है। इन दिनों भारत सरकार द्वारा न केवल आर्थिक फायदों बल्कि देश की डिकार्बोनाइजेशन के प्रति वचनबद्धता के कारण रेलवे के शत-प्रतिशत मार्गों के विद्युतीकरण को मिशन क्षेत्र के रूप में लिया गया है। हमने वित्त वर्ष 2018-19 के दौरान 3613 रूट किलोमीटर ट्रैक का विद्युतीकरण किया है, जो संगठन के इतिहास में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वर्ष 2019-20 के दौरान भारतीय रेल के लगभग 4000 रूट किलोमीटर को विद्युतीकृत किए जाने का कठिन लक्ष्य निर्धारित है। चालू वर्ष में जनवरी माह तक 1701 रूट किलोमीटर का विद्युतीकरण किया जा चुका है। इस वर्ष महत्वपूर्ण रेल मार्गों के अविद्युतीकृत मिसिंग लिंक एवं लास्ट माइल कनेक्टिविटी खण्डों के विद्युतीकरण पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है जिसके परिणाम स्वरूप अभी तक 172 मेल-एक्स्प्रेस गाड़ियों का परिचालन डीजल इंजन से इलेक्ट्रिक इंजन में परिवर्तित कर दिया गया है। गुंजेरिया - न्यू जलपाईगुड़ी रूट के विद्युतीकृत हो जाने से कटिहार से लेकर न्यू जलपाईगुड़ी तक के सेक्शन पर विद्युत इंजनों का निर्बाध परिचालन संभव हुआ है। इसी प्रकार भदौसा-मानिकपुर के विद्युतीकृत हो जाने के कारण इलाहाबाद से झांसी तक विद्युत इंजनों का निर्बाध परिचालन संभव हुआ है।

वित्तीय वर्ष 2019-20 मे दिसम्बर 2019 के अंत तक 27 टीएसएस एवं 122 एसपी/एसएसपी चालू किये गए जो पिछले वर्ष की तुलना में क्रमश: 125% एवं 34% अधिक है। इसी प्रकार 205 स्टेशनों तथा 98 समपार फाटकों पर विद्युतीकरण के अनुरूप सिग्नल एवं दूर संचार विभाग द्वारा

मोडिफिकेशन का कार्य भी किया गया एवं 55 नये ब्लाक इन्स्ट्रूमेंटों को बदला गया। उपर्युक्त उपलब्धियां हमारे अधिकारियों और कर्मचारियों की जबरदस्त क्षमता एवं प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं ।

कोर द्वारा रेल विद्युतीकरण में तेजी लाने के लिए सिस्टम इम्प्रूवमेंट पर बहुत कार्य किया जा रहा है। टेन्डर प्रक्रिया के प्रारम्भ से लेकर कार्यादेश जारी करने तक का कार्य ई-टेण्डरिंग के माध्यम से किया जा रहा है। समय से विद्युतीकरण कार्य पूरा हो, इसके लिए कोर में टेण्डरिंग की ईपीसी प्रणाली का प्रयोग प्रारम्भ कर दिया गया है। मुझे यह भी बताना है कि रेल विद्युतीकरण की टेण्डरिंग प्रक्रिया में रिवर्स ऑक्शन का प्रारंभ कर दिया गया है। कोर में भारत सरकार की महत्वपूर्ण सामग्री प्रबन्धन की पेपरलेस तकनीक, गवर्मेंट-ई-मार्केट प्लेस व्यापक स्तर पर लागू कर दी गई है।

मुझे यह बताते हुए अपार प्रसन्नता हो रही है कि राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन के प्रमुख वित्त सलाहकार को वर्ष 2019 में रेल मंत्री राजभाषा रजत पदक से सम्मानित किया गया है। सितम्बर में नगर राजभाषा कार्यान्वन समिति, इलाहाबाद द्वारा कोर को राजभाषा गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मैं राजभाषा प्रयोग में कोर के प्रशंसनीय योगदान के लिए सभी को बधाई देता हूँ ।

हम “स्वच्छ भारत मिशन“ के प्रति भी वचनबद्ध है। चालू वित्त वर्ष में कुल 739 मीट्रिक टन कॉपर के स्क्रैप का निपटान किया गया है। इस वर्ष अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी से रेल विद्युतीकरण कार्यालयों और कॉलोनियों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। महाप्रबंधक कार्यालय में फ़ाइलों एवं दस्तावेजों के साफ - सुथरे रख रखाव के लिए कुल 126 यूनिट कॉम्पैक्टर लगाए गये हैं, जिससे बहुमूल्य कार्यालय स्थान की उपलब्धता बढ़ी है।

कोर में खेलकूद की गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए भी हम निरन्तर प्रयासरत हैं। इसी क्रम में कोर के इतिहास में पहली बार टैलेंट स्काउटिंग कोटा के अंतर्गत कर्मचरियों की भर्ती प्रारम्भ की गई है। यह हर्ष का विषय है कि हमारे संगठन की अम्बाला परियोजना की सुश्री नीतू ने दिल्ली के करनैल सिंह स्टेडियम में सितम्बर 2019 में आयोजित 13वें ऑल इंडिया रेलवे महिला मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में रजत पदक प्राप्त किया है। रेल विद्युतीकरण के पुरुषों की वेटेरन्स बैडमिंटन टीम ने अगस्त माह में नई दिल्ली में आयोजित ऑल इंडिया रेलवे बैडमिंटन चैम्पियनशिप में रनर अप का स्थान प्राप्त किया।

कर्मचारियों का स्वास्थ्य और कल्याण भी हमारी जिम्मेदारी है। इसी क्रम में कोर/मुख्यालय में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। यूनीक मेडिकल आईडेंटिटी कार्ड (UMID) योजना कोर में लागू कर दी गई है, जिसके द्वारा देश के किसी भी रेलवे चिकित्सालय में इलाज़ करवाया जा सकता है।

यह बहुत खुशी की बात है कि रेल विद्युतीकरण महिला कल्याण संगठन कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों के कल्याण हेतु पूर्णत: समर्पित है। रीवो द्वारा रेल विद्युतीकरण कर्मचारियों के बच्चों के लिए ड्राइंग तथा निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कर्मचारियों के बच्चों के लिए बालदिवस के अवसर पर स्वस्थ शिशु कैंप का आयोजन भी किया गया ।

मै मान्यता प्राप्त ट्रेड यूनियनों और संघों को अपनी शुभकामनाएँ देता हूँ जिन्होंने हमारे रेल विद्युतीकरण के लक्ष्यों की प्राप्ति और उत्कृष्टता की उपलब्धि में सहयोगात्मक और रचनात्मक भूमिका निभाई है।

प्रिय साथियो, यद्यपि वर्ष 2019-20 में लक्ष्य के अनुरूप अभी तक की प्रगति बेहतर है फिर भी इस वर्ष के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अभी बहुत कुछ किया जाना है। मुझे विश्वास है कि कोर टीम परस्पर सहयोग एवं समन्वय से लक्ष्य को प्राप्त करते हुये नए कीर्तिमान स्थापित करेगी। आइये, इस राष्ट्रीय पर्व पर पुन: एक साथ संकल्प लें कि हम रेल विद्युतीकरण के कार्यों को पूरी निष्ठा और लगन के साथ पूरा करने के लिए समर्पित रहेंगे।

जय हिन्द

26 जनवरी 2020

(यशपाल सिंह)

महाप्रबन्धक/कोर/इलाहाबाद